# कृषि विश्वविद्यालय, कोटा
**AGRICULTURE UNIVERSITY, KOTA**
बोरखेडा, कोटा 324001 (राज.)
**Borkhera, Post Box No. 20, GPO Nayapura, Kota 324001 (Raj.)**

Tel : 0744-2321205
Fax : 0744-2321203
Email:aukota2013@gmail.com


क्रमांकः एफ ( )/ कृवि/कोटा/प्रबन्धमण्डल/2020/12025-39 दिनांकः 12.11.2020

1. डॉ॰ (प्रो॰) डी॰सी॰ जोशी, माननीय कुलपति एवं अध्यक्ष, प्रबन्ध मण्डल, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
2. श्री रामनारायण मीणा, माननीय विधायक, पीपल्दा, मनोनीत सदस्य, प्रबन्ध मण्डल, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
3. अतिरिक्त मुख्य सचिव, वित्त, राजस्थान सरकार, जयपुर, पदेन सदस्य, प्रबन्ध मण्डल, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
4. प्रमुख शासन सचिव, कृषि, राजस्थान सरकार, जयपुर, पदेन सदस्य, प्रबन्ध मण्डल, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
5. प्रमुख शासन सचिव, पशुपालन, राजस्थान सरकार, जयपुर, पदेन सदस्य, प्रबन्ध मण्डल, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
6. सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर, पदेन सदस्य, प्रबन्ध मण्डल, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
7. डॉ॰ ओ॰ पी॰ यादव, निदेशक, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के प्रतिनिधि), सदस्य, प्रबन्ध मण्डल, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
8. प्रो॰ अयूब खान, गणित विभाग, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर सदस्य, प्रबन्ध मण्डल, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
9. डॉ॰ (प्रो॰) डी॰पी॰जारोली, 2 चन्द्रकला कालोनी, जयपुर, सदस्य, प्रबन्ध मण्डल, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
10. श्री चौथमल नागर, 10/76, कृष्णा नगर, रंगवाडी, कोटा, सदस्य, प्रबन्ध मण्डल, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
11. श्री बंजरग कुमार साबू, 343 ए मार्डन स्कुल के पीछे, तलवंडी, कोटा, सदस्य, प्रबन्ध मण्डल, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
12. श्रीमति रूकमणी मीणा, 1 यू 18, तंलवडी, कोटा, सदस्य, प्रबन्ध मण्डल, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
13. डॉ॰ एम॰ सी॰ जैन, अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, कोटा, सदस्य, प्रबन्ध मण्डल, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
14. डॉ॰ एस॰के॰ जैन, निदेशक प्रसार शिक्षा, प्रबन्ध मण्डल, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
15. डॉ॰ विरेन्द्र सिंह, प्रोफेसर, सदस्य कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।

महोदय/महोदया,

कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के प्रबन्ध मण्डल की पंचदश बैठक दिनांक 12.11.2020 (गुरूवार) को वर्चुअल माध्यम/ऑनलाईन आहूत की गई, जिसका कार्यवाही विवरण आपके अवलोकनार्थ भिजवाया जा रहा है।

भवदीय

(ममता कुमारी तिवाड़ी)
कुलसचिव एवं
सदस्य सचिव, प्रबन्ध मण्डल

संलग्नः उपरोक्तानुसार।

# कृषि विश्वविद्यालय, कोटा

## प्रबन्ध मण्डल की पंचदश बैठक का कार्यवाही विवरण

कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के प्रबन्ध मण्डल की पंचदश बैठक दिनांक 12 नवम्बर, 2020 (गुरूवार) को प्रातः 11.00 बजे वर्चुअल/ऑनलाईन माध्यम से प्रो॰ डी॰सी॰ जोशी, माननीय कुलपति की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में निम्न सदस्य एवं आमंत्रित सदस्यों ने भाग लिया :–

| क्र॰सं॰ | उपस्थित सदस्य |
|---|---|
| 1. | श्रीयुत रामनारायण मीणा, माननीय विधायक, पीपल्दा विधान सभा क्षेत्र, राजस्थान विधानसभा, जयपुर। |
| 2. | डॉ॰ मोहम्मद नईम, संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर<br>(प्रतिनिधि – उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर) (ऑनलाईन) |
| 3. | श्री टी॰पी॰ मीणा, मुख्य लेखाधिकारी, सी॰ए॰डी॰, कोटा<br>(प्रतिनिधि – वित्त विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर) (ऑनलाईन) |
| 4. | डॉ॰ ओ॰ पी॰ यादव, निदेशक, आई॰सी॰ए॰आर॰–केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर। (ऑनलाईन) |
| 5. | श्रीयुत चौथमल नागर, प्रगतिशील कृषक, कोटा। |
| 6. | श्रीमति रूकमणी मीणा, महिला समाजसेविका, कोटा। |
| 7. | डॉ॰ एम॰सी॰ जैन, अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, उम्मेदगंज, कोटा। |
| 8. | डॉ॰ एस॰के॰ जैन, निदेशक, मानव संसाधन विकास, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा। |
| 9. | डॉ॰ विरेन्द्र सिंह, प्रोफेसर, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा। |
| 10. | श्रीयुत रामधन रैगर, वित्त नियंत्रक, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा। |
| 11. | श्रीमती ममता कुमारी तिवाड़ी, कुलसचिव, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा – सदस्य सचिव। |

उक्त बैठक में प्रमुख शासन सचिव कृषि एवं पशुपालन, डॉ॰ (प्रो॰) डी॰पी॰जारोली एवं डॉ॰ (प्रो॰) अयूब खान शिक्षा विद् व श्री बंजरग कुमार साबू, प्रतिष्ठित कृषि उद्योगपति उपस्थित नहीं हो सके।

सर्वप्रथम कुलसचिव ने सभी माननीय सदस्यों का स्वागत किया। माननीय कुलपति प्रो॰ डी॰सी॰ जोशी द्वारा सभी आगन्तुक सदस्यों का अभिनन्दन करते हुये अवगत कराया कि कोविड–19 की परिस्थिति को देखते हुए विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षान्त समारोह वर्चुअल माध्यम से दिनांक 28.11.2020 (शनिवार) को आयोजित किया जा रहा है। सभी माननीय सदस्यों को इस समारोह में ऑनलाईन उपस्थिती के लिए आमंत्रित किया।

**बोम–15 / 2020 / 01: चतुर्दश प्रबंध मंडल की दिनांक 26.06.2020 की बैठक के कार्यवाही विवरण की पुष्टि करने बाबत।**

प्रबन्ध मण्डल की चतुर्दश बैठक दिनांक 26.06.2020 को आयोजित की गई थी। बैठक का कार्यवाही विवरण अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया, जिसको सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया।

**बोम–15 / 2020 / 02: चतुर्दश प्रबंध मंडल की दिनांक 26.06.2020 की बैठक के कार्यवाही विवरण पर की गई कार्यवाही रिपोर्ट।**

प्रबन्ध मण्डल की दिनांक 26.06.2020 को आयोजित चतुर्दश बैठक में लिये गये निर्णयों पर पालना रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा विस्तृत चर्चा उपरान्त सर्वसम्मति से पुष्टि की गई।

**बोम–15 / 2020 / 03: पंचदश विद्या परिषद की दिनांक 06.10.2020 की बैठक के कार्यवाही विवरण के अनुमोदन बाबत।**

विद्या परिषद की दिनांक 06.10.2020 को आयोजित की गई पंचदश बैठक के कार्यवाही विवरण का अवलोकन कर अनुमोदन किया गया। साथ में व्यवसायिक प्रमाण पत्र पाठ्यक्रमों की फीस रूपये 6,000 / – से घटाकर रूपये 4,000 / – करने का निर्णय लिया गया।

**(कार्यवाहीः निदेशक शिक्षा)**

**बोम–15/2020/04:** **अशैक्षणिक कर्मचारियों की भर्ती बाबत।**

राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत पदों पर अशैक्षणिक कर्मचारियों की भर्ती किसी एक विश्वविद्यालय द्वारा कॉमन भर्ती से करने का प्रस्ताव माननीय सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसे सदस्यों ने अनुमोदन कर राज्य सरकार को भिजवाने के लिए निर्देशित किया।

**(कार्यवाहीः कुलसचिव)**

**बोम–15/2020/05:** **निजि कृषि महाविद्यालय की सम्बद्धता फीस में वृद्धि करने बाबत।**

कृषि विश्वविद्यालय, कोटा से सम्बद्धता फीस 60 छात्रों की प्रवेश क्षमता के निजी कृषि महाविद्यालयों की 9.00 लाख रूपये (नौ लाख रूपये मात्र) तथा 120 छात्रों की प्रवेश क्षमता के निजी कृषि महाविद्यालयों की सम्बद्धता फीस 12.00 लाख रूपये (बारह लाख रूपये) प्रतिवर्ष रखने पर अनुमोदन किया।

**(कार्यवाहीः कुलसचिव/ परीक्षा नियंत्रक)**

**बोम–15/2020/06:** **विश्वविद्यालय एक्यूवेलेन्स समिति (University Equivelance Committee) का गठन किये जाने का प्रावधान।**

विश्वविद्यालय के परिनियम अध्याय 4 के क्लॉज 09 के तहत विभिन्न बोर्ड/देश एवं विदेश के विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त उपाधि/ परीक्षायें की अनुरूपता पर विचार करने के लिए एक एक्यूवेलेन्स समिति के गठन का प्रस्ताव माननीय सदस्यों ने अनुमोदित किया।

**(कार्यवाहीः कुलसचिव)**

**बोम–15/2020/07:** **शिक्षा परिषद (Education Council) का गठन किये जाने बाबत।**

विश्वविद्यालय के परिनियम अध्याय 4 के क्लॉज 10 के तहत शिक्षा परिषद के गठन करने का प्रावधान के अनुसार प्रस्ताव माननीय सदस्यों ने अनुमोदित किया।

**(कार्यवाहीः कुलसचिव**

**बोम–15 / 2020 / 08:** **विश्वविद्यालय स्पॉटर्स बोर्ड (Sports Board) का गठन किये जाने बाबत।**

विश्वविद्यालय के परिनियम अध्याय 4 के क्लॉज 11 के तहत स्पॉटर्स बोर्ड के गठन करने का प्रावधान के अनुसार प्रस्ताव माननीय सदस्यों ने अनुमोदित किया।

**(कार्यवाहीः कुलसचिव**

**बोम–15 / 2020 / 09:** **विश्वविद्यालय में आरक्षण रोस्टर के प्रावधान लागू करने हेतु प्रस्ताव।**

विश्वविद्यालय को एक यूनिट मानते हुये आरक्षण व्यवस्था लागू किए जाने हेतु अध्यादेश दिनांक 07 मार्च 2019 को जारी किया गया था। राजस्थान सरकार के पत्रांक प॰ 18 (2) शिक्षा–4 / 2014 दिनांक 02.08.2019 द्वारा उक्त अध्यादेश एवं कार्मिक विभाग द्वारा जारी परिपत्र दिनांक 29.03.2019 एवं समय–समय पर राज्य सरकार द्वारा जारी किए निर्देश अनुसार आरक्षण रोस्टर विश्वविद्यालय पर लागू किये जाने हेतु अनुशंसा की।

**(कार्यवाहीः निदेशक मानव संसाधन विकास / कुलसचिव)**

**बोम–15 / 2020 / 10:** **विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षान्त समारोह में प्रदान की जाने वाली उपाधियों का ग्रेस पास।**

चतुर्थ दीक्षान्त समारोह में सत्र 2018–19 में उत्तीर्ण विज्ञान–स्नातक (ऑनर्स) उद्यानिकी में 51, विज्ञान–स्नातक (ऑनर्स) वानिकी में 15, विज्ञान–स्नातक (ऑनर्स) कृषि में 54 छात्रों को एवं विज्ञान–स्नातकोत्तर (उद्यानिकी) में 15 छात्रों, कुल 135 उपाधि प्रदान करने का ग्रेस पास अनुमोदित किया गया।

**(कार्यवाहीः परीक्षा नियंत्रक / कुलसचिव)**

**बोम–15 / 2020 / 11:** **विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किये जाने वाले विभिन्न स्वर्ण पदक बाबत।**

दीक्षान्त समारोह में सत्र 2018–19 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को दिए जाने वाले विभिन्न स्वर्ण पदकों को अनुमादित किया, जिसका विवरण निम्न प्रकार है:

| | |
|---|---|
| कुलाधिपति स्वर्ण पदक (1) | • श्री राकेश एम॰, विज्ञान–निष्णात् (उद्यानिकी) फल विज्ञान |
| कुलपति स्वर्ण पदक (1) | • श्री पुष्पेद्र कुमार, विज्ञान स्नातक (ऑनर्स) उद्यानिकी |
| विज्ञान स्नातकोत्तर स्वर्ण | • श्री राकेश एम॰, विज्ञान–स्नातकोत्तर (उद्यानिकी) फल विज्ञान |

| | |
|---|---|
| पदक (2) | • सुश्री अपूर्वा पालेड, विज्ञान–स्नातकोत्तर (उद्यानिकी) सब्जी विज्ञान |
| विज्ञान स्नातक स्वर्ण पदक (2) | • श्री पुष्पेद्र कुमार, विज्ञान स्नातक (ऑनर्स) उद्यानिकी<br>• सुश्री रेणु, विज्ञान स्नातक (ऑनर्स) कृषि |

**(कार्यवाहीः परीक्षा नियंत्रक / कुलसचिव)**

बैठक के समापन से पूर्व, प्रबन्ध मण्डल के सदस्य माननीय विधायक श्री रामनारायण मीणा ने कृषि विश्वविद्यालय, कोटा में महाविद्यालयों की संख्या बढाने के बारे में प्रयत्न करने का सुझाव दिया। साथ ही हाड़ोती संभाग में पशुपालन की संभावना को देखते हुए विशेषकर देशी नस्ल के गौ–पालन पर सघन प्रचार–प्रसार की आवश्यकता पर जोर दिया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर के निदेशक डॉ ओ॰पी॰ यादव ने राजस्थान के सभी कृषि विश्वविद्यालयों एवं राज्य में स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की संस्थाओं के बीच समन्वयता बढाने एवं आवश्यकतानुसार सूचनाओं का आदान प्रदान करने पर जोर दिया।

सदस्य सचिव श्रीमती ममता तिवाड़ी द्वारा सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए आसन के प्रति धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई।

**(प्रो॰ डी॰सी॰ जोशी)**
**कुलपति एवं अध्यक्ष,**
**प्रबन्ध मण्डल, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।**

**(ममता कुमारी तिवाड़ी)**
**कुलसचिव एवं सदस्य सचिव,**
**प्रबन्ध मण्डल, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।**